खबर संक्षेप

### जिले में नरवाई जलाने पर 2 पर एफआईआर, 115 घटना चिन्हित

**मण्डला।** मंडला जिले में सेटेलाइट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की घटनाओं पर प्रशासन सख्त कार्यवाही कर रहा है। अब तक जिले में कुल 115 घटनाएं चिन्हित की गई हैं, जिनमें मंडला में 29, नैनपुर में सर्वाधिक 62, बिछिया में 7, नारायणगंज में 9, घुघरी में 3 और निवास में 5 घटनाएं शामिल हैं। प्रशासन द्वारा इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम मंडला ने नरवाई जलाने के आरोप में 27 लोगों पर अर्थदंड लगाया है। एसडीएम नैनपुर ने 34 लोगों पर जुर्माना लगाया है और 2 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, एसडीएम बिछिया ने 52 लोगों पर और एसडीएम निवास ने नारायणगंज में 3 लोगों पर कार्यवाही करते हुए अर्थदंड अधिरोपित किया है। यह कार्रवाई नरवाई जलाने से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण और मिट्टी की उर्वरता पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को रोकने के उद्देश्य से की जा रही है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे नरवाई न जलाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

### उपचार के लिए चैक देकर की गई आर्थिक सहायता

**मण्डला।** नैनपुर निवासी संतोष तिवारी ने पिछली जनसुनवाई में आवेदन देकर बच्ची की बीमारी के विषय में अवगत कराते हुए आर्थिक सहायता का अनुरोध किया था। जिस पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आवेदक की पात्रता का परीक्षण कराते हुए सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 5 हजार रूपए का चैक देकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। चैक पाकर संतोष ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### श्रीमति प्रभा पाठक का निधन, पाठक परिवार में शोक



**मण्डला।** बिनेका रोड मंडला निवासी सेवा निवृत सब इंस्पेक्टर माधव प्रसाद पाठक की धर्म पत्नी संतोष पाठक, सोनू पाठक की माँ श्रीमति प्रभा पाठक उम्र 86 वर्ष 27 अप्रैल को प्रातः निधन हो गया वे अभी कुछ दिनों से अस्वस्थ चल थी 27 अप्रैल दिन के 2 बजे उनका अंतिम संस्कार माँ नर्मदा के सानिध्य खैरी मुक्ति धाम में किया गया।

## देश के विभिन्न क्षेत्रों से शामिल हुये पूर्व छात्र-छात्रायें

# ज्ञानदीप स्कूल की एलुमनाई मीट का आयोजन

*** देश विदेश में सीधा प्रसारण देख रोमांचित हुए जान दीप स्कूल के पूर्व छात्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल मंडला के पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया गया। एल्युमिनाई मीट 2025 में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से ज्ञानदीप के पूर्व छात्र मंडला पहुंचे थे। कार्यक्रम को भव्य व यादगार बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। सबसे पहले इस एल्युमिनाई मीट में शामिल होने वाले सभी पूर्व छात्र नगर पालिका परिसर में एकत्र हुए और उसके बाद ढोल और धमाकों के साथ थिरकते हुए सभी ज्ञानदीप स्कूल पहुंचे। ज्ञानदीप स्कूल के प्रवेश द्वार में वर्तमान छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर और पुष्प बरसाकर उनका स्वागत / अभिनंदन किया गया। स्कूल में प्रवेश करते ही पूर्व छात्र अतीत की सुनहरी यादों में खोए नजर आए। मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत एडीएम अरविंद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सचिव डॉक्टर संजय तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य संजय मिश्रा व लक्ष्मीनारायण पटेल भी उपस्थित थे।

दीप प्रज्वलन बाद ज्ञानदीप स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण करते हुए कॉलेज एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सचिव डॉक्टर संजय तिवारी ने स्कूल प्रबंधन की तरफ से सभी पूर्व छात्रों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि यह बहुत ही खुशी का पल है कि देश के विभिन्न हिस्सों से पूर्व छात्र इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे हैं। दिल्ली, नोएडा, पूना, रायपुर, दुर्ग, दमोह, भोपाल, जबलपुर, बैतूल, नागपुर, बैंगलोर आदि जगहों से यहां पहुंचे। स्कूल से पढ़कर पूर्व छात्र भारतीय सेना, प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, न्यायिक सेवा, अधिवक्ता और विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्र में



उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे। मंडला जिले के प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं में स्कूल के पूर्व छात्र शामिल है। उसकी ऑटोमोबाइल्स, ट्रैक्टर, कंफेक्शनरी, टाइल्स, माइनिंग, होटल इंडस्ट्री, स्कूल इंडस्ट्री सहित विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हुए जिले की अर्थव्यवस्था में 25% योगदान दे रहे हैं। इस आयोजन को मूर्त रूप देने के लिए उन्होंने मंडला कलेक्टर व संस्था के अध्यक्ष डॉ सोमेश मिश्रा का खास तौर से जिक्र करते हुए कहा कि उनकी पहल पर ही यह कार्यक्रम यहां आयोजित हुआ है। उन्होंने पूर्व छात्रों का आवाहन किया कि वह इस स्कूल के उत्थान में हर तरह का अपना योगदान दें। संजय तिवारी ने कहा कि इस बार तो यह मीट ओपन मैदान में हुई है लेकिन अगला सम्मेलन कॉन्फ्रेंस हॉल में होगा।



संस्था की वरिष्ठतम शिक्षिका तपोशी सिंह ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि आज वह सभी छात्र यहां मौजूद हैं जो पिछले 30 - 35 साल पहले यह अध्यनरत थे। आज कई ऐसे कई छात्र नज़र आ रहे है जिनको हमने पढ़ाया और उनके साथ-साथ उनके बच्चों को पढ़ने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने कहा कि संस्था के पूर्व छात्र आज भी उतने ही आदर से मिलते हैं जैसे बचपन में मिलते थे। उन्होंने अपना एक संस्मरण सांझा किया जब वो स्कूल की ट्रिप लेकर इंदौर गई थी और उन्हें कोई परेशानी का सामना करना पड़ा तब उन्होंने इंदौर में पदस्थ एडिशनल एसपी व ज्ञान दीप के पूर्व छात्र अंकित शुक्ला के संपर्क किया और उन्होंने तत्काल समस्या का समाधान कराया। जब वे यह संस्मरण सुना रही थी तब अंकित भी सम्मलेन में मौजूद थे। स्कूल के छात्राओं द्वारा शानदार छत्तीसगढ़ी और पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया गया। पूर्व छात्रों की तरफ से दीपक गुप्ता और ताजिम अल्वी ने अपने स्कूल के दिनों के संस्मरणों को कविता के जरिए प्रस्तुत कर माहौल बना दिया।

इस दौरान स्कूल की अनेक पूर्व छात्राओं ने अपने संस्मरण साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे आज एक सफल जीवन व्यतीत करने में स्कूल के दिनों में टीचर्स द्वारा दी गई सीख कमा आई। ऐसे ही संस्मरण मंडला के स्थापित अधिवक्ताओं और व्यवसायी ने भी व्यक्त किया, जो स्कूल के पास आउट होकर अपने क्षेत्र में काफी नाम कमा रहे हैं। पूर्व छात्रों की तरफ से संस्था को एक मोमेंट गिफ्ट किया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य रफीक खान ने किया कार्यक्रम का संचालन वैशाली सिंह ने किया। मंचीय कार्यक्रम के बाद सभी पूर्व छात्रों ने अपने-अपने क्लासरूमों का भ्रमण किया और यादगार तस्वीरें ली। स्कूल परिसर से सभी पूर्व छात्र माहिष्मती घाट के लिए कारों के काफिले के साथ रवाना हुए और संध्या आरती में शामिल हुए। कार्यक्रम का दूसरा चरण होटल किंगफिशर में हुआ जहां समस्त पूर्व छात्र एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर हुई और फिर शुरू हुआ डांस और मस्ती का सिलसिला। कई लोगों ने अपनी प्रतिभा के हुनर दिखाते हुए एक से बढ़कर एक नग्मे प्रस्तुत कर माहौल को यादगार बना दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में सभी पूर्व छात्रों को स्मृति-चिह्न भेंट कर अगले साल फिर मिलने का वादा करते हुए विदा किया गया।

### अमेरिका में बैठकर देखा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

ज्ञान दीप स्कूल की एल्युमिनाई मीट 2025 का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल किया गया। इस प्रसारण को देश-विदेश में मौजूद ज्ञानदीप के पूर्व छात्रों ने देखा और इसके सहभागी बने। शैली व विपिन पटेल ने अमेरिका के ग्रीनवुड इंडियाना से इस कार्यक्रम को देखा और इसकी एक यादगार तस्वीर भी साझा की। बड़ोदरा गुजरात में मौजूद नीति गुरु ने बताया कि यूट्यूब पर इस कार्यक्रम को उन्होंने अपने परिवार व कॉलोनी वासियों के साथ लाइव देखा और बाकायदा एक छोटा समारोह भी आयोजित किया। इंडियन आर्मी में कर्नल और खामगांव महाराष्ट्र में पदस्थ ओमेश शुक्ला व जम्मू में पदस्थ कर्नल विक्रम सिंह सहित अनेक पूर्व छात्रों ने इसे लाइव देखा और इसकी सराहना की।

### सीईओ जिला पंचायत ने देवरीकला में ईकेवाईसी कार्यों का निरीक्षण किया



**मण्डला।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट ने शनिवार को ग्राम पंचायत देवरीकला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में चल रहे ईकेवाईसी के कार्यों का जायजा लिया। श्री कूमट ने ई-केवाईसी प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों से बातचीत की और कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से भी संवाद करते हुए ईकेवाईसी के महत्व तथा इसके लाभों के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान, सीईओ ने ईकेवाईसी कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत हितग्राहियों का ईकेवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### सीईओ जिला पंचायत ने देवरीकला में निर्माणाधीन पीएम जनमन आवास का निरीक्षण किया

**मण्डला।** सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने शनिवार को ग्राम पंचायत देवरीकला प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत बन रहे घरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री कूमट ने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरा हो। उन्होंने लाभार्थियों से भी बातचीत की और उन्हें आवास निर्माण में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर होंगे दो दिवसीय कार्यक्रम आज

*** निकाली जाएगी भव्य वाहन रैली, कल विप्र बालकों के होंगे उपनयन संस्कार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर पर इस बार दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की शुरूआत आज भव्य वाहन रैली के साथ होगी। यह वाहन रैली आज सुबह 9 बजे उपनगर महाराजपुर के बजरंग चौराहा से निकाली जाएगी। जो शहर भ्रमण करते हुए मंडला शहर के सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर में समापन होगी। वहीं कल 30 अप्रैल को सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में विप्र बच्चों का जनेऊ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा मंडला के अध्यक्ष पं. आकाश दीक्षित, भगवान परशुराम मंदिर के पुजारी पं.संतोष शुक्ला ने बताया कि कल बुधवार, 30 अप्रैल को वैशाख शुक्ल तृतीया यानी अक्षय तृतीया है। यह दिन न केवल शुभ कार्यों के लिए जाना जाता है, बल्कि भगवान विष्णु के छठे अवतार, भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। प्रतिवर्षानुसार इस बार भी भगवान परशुराम प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रमों की कड़ी में आज वाहन रैली के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी, वाहन रैली के पश्चात भगवान परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम का का पूजन अभिषेक के बाद हवन होगा।



माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा मंडला के अध्यक्ष आकाश दीक्षित ने बताया भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में कल 30 अप्रैल को विप्र बालकों का जनेऊ संस्कार प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा। इसके बाद भगवान परशुराम की आरती के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होगी। माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा मंडला के अध्यक्ष पं. आकाश दीक्षित, सचिव पं.अशोक दुबे कुररिया उपाध्यक्ष पं.प्रशांत बाजपेयी कोषाध्यक्ष पं.ऋषि तिवारी, भगवान परशुराम मंदिर के पुजारी पं.संतोष शुक्ला आदि ने इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## शैक्षणिक भ्रमण पर 30 सदस्यीय कृषक दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला के उन्नत कृषकों का भ्रमण दल सोमवार को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। सहायक संचालक उद्यान कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मण्डला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना में राज्य पोषित योजना के घटक राज्य के बाहर 5 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण हेतु प्रशिक्षण दल को जिला मुख्यालय मण्डला में जनपद अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। उद्यानिकी के उच्च तकनीकों का अवलोकन एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु यह 30 कृषकों का दल भेजा गया है। राज्य के बाहर 5 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत कृषकों का दल प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विस्तार अधिकारी नैनपुर श्री धनसिंह बरकड़े के नेतृत्व में 28 अप्रैल से 2 मई 2025 तक के लिए कृषि महाविद्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़), कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा के उन्नतशील कृषकों के प्रक्षेत्रों का भ्रमण कराते हुए तकनीकी ज्ञानवर्धन व प्रशिक्षित कराया जायेगा। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान मण्डला मोहनसिंह मरावी, प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी मण्डला पंकज मरकाम, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी मण्डला ओमप्रकाश भवेदी एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी राजकिशोर हजारिया, प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी मोहगांव सुखमनशाह कुमरे एवं अन्य विकासखण्ड स्तरीय उद्यानिकी अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक | समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित।

# जन शिकायतों को गंभीरता से लें-श्रेयांश कूमट

*** सभी विभागों को प्रमुखता से निराकरण के आदेश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि माननीय जनप्रतिनिधियों की ओर से प्राप्त जनशिकायतों को सभी विभाग प्रमुख गंभीरता से लें एवं उनका सकारात्मक निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि टीएल के प्रकरण बड़ी संख्या में लम्बित हैं, इन्हें समय पर क्लीयर कराएं। इसके साथ-साथ सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का प्रतिदिन फॉलोअप करें। वर्तमान में जिले की रैंकिंग संतोषजनक नहीं है इसलिए सभी विभाग प्रमुख शिकायतों के निराकरण की गति को तेज करें। समाधान ऑनलाईन की राज्य स्तर से समीक्षा की जानी है, समाधान के एट्रीब्यूट्स के अनुरूप प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। सीएम डैशबोर्ड के विषय में समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि लाईव डेटा के अनुसार जिला 25वे नंबर पर आ गया है, यह बिल्कुल भी स्वीकार योग्य नहीं है, जिन विभागों के स्कोर कम हैं वे अपना स्कोर बढ़ाएं। न्यायालय के अवमानना के प्रकरणों के विषय में उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों में नियमानुसार कम्पलायंस कराएं, इनके प्रतिवेदन की एक कॉपी जिला शाखा में जमा करें। इसी तरह डब्ल्यूपी के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए समुचित जवाब कोर्ट में प्रस्तुत करें। रबी फसल उपार्जन के विषय में समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि खरीदी गई फसल का परिवहन समय पर कराएं, किसी भी स्थिति में परिवहन का डाटा 90 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। खाद्यान्न पर्ची ई-केवाईसी के संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि अभी भी बड़ी तादाद में खाद्यान्न ई-केवाईसी होना शेष है, डीएसओ इसका फॉलोअप लेते हुए समय-सीमा में ई-केवाईसी पूर्ण कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि पूर्व से प्रगतिरत कार्यों की पूर्णता पर विशेष ध्यान देकर उन्हें समय पर पूर्ण कराएं। नवीन खेत-तालाब, डकवेल रिचार्ज, अमृत सरोवर के काम प्रारंभ करें। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर के लिए अभी बहुत कार्य शेष हैं इसलिए गति बढ़ाते हुए समय-सीमा में लक्ष्य पूरा करें। बैठक में आयुष्मान, धरती आबा, नरवाई प्रबंधन, समग्र ई-केवाईसी, पेयजल, जल-जीवन मिशन, ई ऑफिस आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## 15 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

संसदीय संकुल परियोजना बिछिया द्वारा ग्राम उमरवाड़ा के सामुदायिक भवन में 15 दिवसीय बकरी पालन महिलाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, समाज सेवी वंदना कुलस्ते के आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने प्रशिक्षु महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने सरकार की योजनाओं की जानकारी का लाभ उठाने अपील की। संसदीय संकुल परियोजना समन्वयक सुनील नामदेव ने संसदीय संकुल परियोजना की जानकारी देते हुए कहा पूर्व केंद्रीय मंत्री- सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के द्वारा अनुसंशित क्षेत्र में स्वरोजगार सृजित कर आत्म निर्भर बनाने और समग्र विकास की कल्पना से संकुल की रचना की गई है। जय भारती शिक्षा केन्द्र जबलपुर एवं कार्यक्रम संयोजक भारत लाल नामदेव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।




### 15 दिवसीय प्रशिक्षण में इन विषयों की दी गई जानकारी

बकरी पालन प्रशिक्षण में पशुपालन से जुड़े नियम-कानूनों, शासकीय योजनाओं, और स्वरोज़गार की जानकारी, अत्याधुनिक तरीके से पशुपालन करने, पशुपालकों को बीमा दावा और बैंकिंग प्रणाली, ट्रेनिंग में बकरी की नस्लों, बकरियों का आवास, पोषण, टीकाकरण, प्रजनन और व्यवसाय चलाने के तरीके की जानकारी, जानकार प्रशिक्षकों, विभागीय अधिकारियों द्वारा बकरी पालन से जुड़ी योजनाएं, बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र एवं मध्यप्रदेश सरकार ने 'बकरी इकाई योजना', केंद्र सरकार की नेशनल हार्वेस्टर मिशन नाम से बकरी पालन योजना की जानकारी दी गई। साथ ही सफल बकरी पालन केन्द्रों, जबलपुर का बकरी मार्केट का एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के पशुपालन विभाग का अवलोकन के साथ पशुपालन के विभाग के प्राध्यापक एवं वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन दर्शन प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण उपरांत सर्टिफ़िकेट प्रशिक्षु महिलाओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, नाबार्ड अधिकारी, विकास अधिकारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। अतिथियों के साथ संकुल सहयोगी नरेश राजपूत, जनपद सदस्य मेवालाल धुर्वे, प्रशिक्षु महिलाए सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# स्टेशन के मुख्य द्वार से लेकर रास्ते में खड़े रहने वाले ऑटो सहित अन्य वाहन रेल यात्रियों को बन रहे परेशानी का कारण, रेल सुरक्षा फोर्स सहित जीआरपी की अनदेखी







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर की लगातार बिगड़ रही यातयात व्यवस्था की सच्चाई तो किसी से छिपी नही है। मगर दूसरी ओर नगर के रेल्वे स्टेशन का जो नजारा देखने मिल रहा हे उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि मानों रेल प्रशासन द्वारा आटों सहित अन्य वाहन मालिकों को अपने वाहन रेलवे स्टेशन परिसर में खड़े करने की पूर्णरूप से छूट प्रदान की दी गई जिसके चलते उनके हौसले बुलंद नजर आने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। नगर के रेल्वे स्टेशन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो रेल यात्रियों की सुरक्षा से लेकर रेलवे प्टेल फार्म व परिसर की संपूर्ण जिम्मेदारों रेल सुरक्षा फोर्स सहित रेल पुलिस की होती है। मगर स्थानीय रेलवे स्टेशन के हाल तो यह बने हुये है कि मानों आरपीएफ व जीआरपी पुलिस को कोई लेना देना ही नही है..? इसी का परिणाम है कि जहां आटों चालक अपनी सबारियाँ बैठने के लिये रेलवे प्लेट फार्म के मुख्य द्वार पर अपने आटों खड़े करते हुये यात्रियों का इंतजार करने से नही चूकते है। वही दूसरी ओर रेल्वे स्टेशन के लिये अपने किसी रिस्तेदार या फिर सगे संबंधी को लेने के लिये पहुंचने वाले लोगों द्वारा भी अपने वाहनों को मुख्य द्वार के ठीक सामने खड़े कर दिये जाते है। इस स्थिति में जब रेल यात्री प्लेट फार्म से नीचे आते है तो उन्हे परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। इसमें सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को झेलने पड़ती है जब कोई रेल यात्री यात्रा करने के लिये स्टेशन पहुंचता है और उसकी ट्रेन प्लेट फार्म पर खड़ी होने के साथ साथ छूटने की स्थिति में रहती है तो इस तरह स्टेशन के मुख्य द्वारा पर अघोषित रूप से बना हुआ वाहन स्टेशन के चलते लोग अपने ट्रेन पकड़ने से चूकते हुये आसानी से देखे जा सकते है। इसमें महिला यात्रियों की स्थिति गंभीर हो जाती है। क्योंकि मुख्य द्वार पर खड़े होने वाले वाहनों के चलते महिलाओं का प्लेट फार्म पर पहुंचने से लेकर नीचे आना भी मुश्किलों से खाली नही रहता है। हद तो तब हो जाती है जहां रेल्वे प्लेट फार्म के पास अपने वाहनों के साथ मनचले खड़े हुये ट्रेन से आने जाने वाली महिलाओं के साथ छिटाकशी करने से नही चूकते है। इतना ही प्लेट फार्म के





सामने पड़े हुये रेलवे की खाली जगह पर अनेक तत्वों द्वारा नियम विरूद्व जिस तरह से अपने चाय, पान सहित अन्य प्रकार की सामग्री विक्रय करने वालों द्वारा हाथ ठेले स्थापित किये गये है उन पर दिन भर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहने के चलते वह महिला यात्रियों को आते जाते समय छिटाकशी करते हुये देखे जाते है। इस तरह नगर के रेल्वे स्टेशन की लगातार बिगड़ रही व्यवस्थाओं के चलते रेल यात्रियों को जहां दहशत में देखा जा रहा है तो दूसरी ओर रेल प्रशासन के साथ साथ आरपीएफ व जीआरपी पुलिस की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है...? बताया जाता है कि रेलवे की भूमि पर बगैर अधिकारियों की सहमति के बगैर कोई भी अपना टप या फिर किसी भी जीच को स्थापित नही कर सकता है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि रेलवे प्लेट फार्म के सामने वाहन स्टेन्ड की ओर जाने वाले मार्ग पर जहां खुलेआम पान सहित अन्य सामग्री के टप स्थापित होते चले जाने के कारण रेल प्रशासन की भूमिका संरक्षण की मुद्रा में नजर आने से नही चूक रही है..? वही दूसरी ओर वाहन मालिको द्वारा जिस तरह से प्लेट फार्म के मुख्य द्वार को अघोषित रूप से वाहन स्टेन्ड का रूप दे डाला है वह यात्रियों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक रहा है। कहने के लिये तो यहां पर नो पार्किंग का वोर्ड लगा हुआ है। मगर उसका पालन रेल सुरक्षा फोर्स व जीआरपी की उदासीनता के चलते पालन होते हुये दिखाई नही दे रहा है। वही रेल्वे स्टेशन से आगे की ओर मुख्य मार्ग के नजारे को देखकर तो यह लगता है कि मानों नगर पुलिस द्वारा आटों चालको को मुख्य मार्ग पर अपने आटों खड़े करने के लिये पूरी छूट दे रखी है जिसके चलते कई घंटों तक दुकानों के सामने मुख्य मार्ग पर आटों चालको का साम्राज्य स्थापित हो जाता है जिसके चलते अन्य वाहनों का निकलना भगवान भरोसे रहते हुये देखा जा रहा है। प्रमुख रूप से इस समय नगर के चलने वाले आटों चालकों द्वारा जिस प्रकार से अपनी मनमानी पर उतारू होते हुये आटों चलाये जा रहे उसके चलते स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि नगर की सड़को पर आटों चालकों द्वारा चलते मुख्य मार्गो पर ही अचानक बीच रास्ते पर ही अचानक आटों रोकने से नही चूकते है। इस स्थिति में जब उनके पीछे कोई दो पाहिया वाहन चालक या फिर अन्य कोई वाहन चल रहा होता है तो अचानक आटों को रोके जाने के कारण आटों से टकराने से नही चूकता है और यही हाल आटों मोड़ने के समय देखा जाता है जो चलते चलते अचानक अपने आटों को मोड़ने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। कुछ इसी तरह का हाल रात के समय देखने मिलता है। क्योंकि आटों चालको द्वारा अपने आटों के ऊपरी भाग पर लगाये गये सफेद एलईडी लाईन सामने से आने वाले वाहन चालक को परेशानी में डालते हुये दुर्घटना का प्रमुख कारण बनने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर नगर के रेल्वे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर लगी हुई चाय नास्ता दुकानों के सामने यह आटों चालक मुख्य मार्ग पर घंटो तक अपने आटों को खड़ा करते हुये चाय नास्ता करने में मग्न हो जाते है जिसके चलते स्टेशन की ओर आने जाने वाले रेलयात्रियों के साथ साथ आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह स्टेशन क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर घंटों तक खड़े रहने वाले इन आटों से सबसे अधिक परेशानी व खतरा उन लोगों को पैदा हो रहा है जो अपनी बाइक के माध्यम से शीघ्रता के साथ किसी ट्रेन को पकड़ने जा रहे होते है। बताया जता है कि यह आटों चालक ट्रेन से उतरने वाली सबारियों को बैठाने के बाद मुख्य मार्ग किनारे लगी हुई चाय पान दुकानों के सामने जिस तरह आटों खड़े करते हुये अन्य दूसरी सबारियों के इंतजार में घंटो तक जाम की स्थिति बनाने से नही चूकते है। इस हालत इस मार्ग से अन्य वाहन चालको का निलना मश्किल हो जाता है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो बाइक चालकों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखे जाते है। सबसे अधिक परेशानी तो उन लोगों को होती है जो किसी ट्रेन का समय होने के दौरान ट्रेन को पकड़ना होता है तो वह इन आटों की भीड़ में फसकर अपनी ट्रेन चलने से नही बच पाता है। वही दूसरी ओर नगर के अंदर की यातायात व्यवस्था की सच्चाई पर गौर किया जावे तो की स्टैट बैक के सामने मुख्य मार्ग पर दिन भर वाहन खड़े रहने के कारण यहां पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके चलते आमजन के आलवा स्कूल आने जाने वाले छात्र छात्राओं को भी परेशान होते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर नगर में अनेक प्रभाव शालियों द्वारा अपने वाहनों को मुख्य मार्ग पर ही खड़ा किया जाता है जिसके चलते उनके द्वारा इस प्रकार से अघोषित रूप से किये जाने वाला अतिक्रमण यातायात व्यवस्था में बाधक बनने से नही चूक पा रहा है? इस प्रकार यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय आटो चालकों की मनमानी सहित प्रभावशाली लोगों की हिटलर शाही के चलते नगर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है जो जिसको पटरी पर लाना निश्चित ही पुलिस के लिये एक चुनौती के समान साबित होने से इसलिये नही चूक पा रहा है। क्योंकि जब भी पुलिस कोई कार्यवाही करने का प्रयास करती है तो कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद इस तरह मनमानी करने वालों को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रभावशाली या फिर राजनेताओं के फोन आना शुरू हो जाते है?

## खबर संक्षेप

### दो पक्षों के बीच विवाद होने से हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर इस समय बन बिगड रहा मौसम किसानों को चिंता में डाले हुये तो दूसरी ओर तेज हवा के चलते लोगों के बीच विवाद की स्थिति पैदा करने से भी नही चूक रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बसुरिया में उस समय देखने मिली जब तेज हवा के चलते घर की सामग्री उड़कर दूसरे की जगह में पहुंचने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद होने से मारपीट हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बसुरिया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि हमारे घर के बाजू में हल्कोरी वर्मा खेत लगा हुआ है। तेज हवा चलने के कारण हमारे घर की टीन उड़कर हल्कोरी वर्मा के खेत में चली गई थी जब उस टीन को उठाने के लिये प्रार्थिया बहन उठाने गई तो हल्कोरी वर्मा, हरनारायण वर्मा सहित एक महिला द्वारा प्रार्थिया व उसकी बहिन सहित पति व देवर के साथ फावडा से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। वही दूसरे पक्ष की ओर से हल्कोरी पिता हर नारायण वर्मा द्वारा भवानी लोधी, विनोद लोधी, शिव कुमार लोधी पर मारपीट का आरोपी लगाते हुये की गई शिकायत के चलते पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### चीचली व डोगरगांव पुलिस ने अलग अलग स्थानों से जप्त की गई अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज/चीचली। अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत चीचली व डोगरगांव पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में की गई छापे मारी के दौरान अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में चीचली थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा मुखबीर द्वारा सूचना मिलने पर नगर के बस स्टेन्ड के पास सार्वजिक स्थान पर बालाराम पिता पन्ना लाल ठाकुर निवासी मऊ को शराब पीते हुये पकड़कर इसके पास से शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से ग्राम दुरूसरू निवासी सुनील उर्फ मंजू पिता हरिसिंह ठाकुर के पास से 5 लीटर तो ग्राम थलवाडा निवासी राजेश पिता रतिराम ठाकुर के पास से 14 पाव देशी, ग्राम बारहाबड़ा में पवन पिता जुगराज बाथरे के पास से 16 पाव व नीलेश उर्फ नीलू पिता विष्णु कसेरा के पास से 10 पाव शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से डोगरगांव थाना क्षेत्र में भी पुलिस द्वारा ग्राम रायपुर हीरापुर रोड पर देवेन्द्र पिता राधे लाल पाली के पास से 5 लीटर, ग्राम सिल्हेटी में वही के निवासी हरि प्रसाद पिता आनंदी भरिया के पास से 4 लीटर तथा ग्राम कल्याणपुर में आशीष पिता लाल साब ठाकुर निवासी ग्राम सर्रा के पास से 5 लीटर शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये कार्यवाही की गई।

### अवैध रूप से हथियार लेकर घूमते हुये किया गिरप्तार

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। नगर व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने के लिये पुलिस द्वारा संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा अलग अलग स्थानों पर संदिग्ध स्थिति में हथियार लेकर घूमते हुये लोगों को पकड़ते हुये उनके पास से हथियार जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस जब पुलिस द्वारा नगर में गस्त की जा रही थी उसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति नगर के आमगांव रोड पर हथियार लेकर घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक युवक को पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम हीरा लाल उर्फ चीकू पिता केवल राम मेहरा निवासी शास्त्री वार्ड बताया गया। वही तलाशी लेने पर युवक के पास से पुलिस को कमर में फसाये हुये एक बकानुमा हथियार पाये जाने पर जप्त किया गया। इसी प्रकार से नगर के जमाडा रोड पर अनिल पिता गोविंद सिंह कौरव निवासी ग्राम बरांझ के पास से भी तुलवानुमा हथियार तथा नगर के पतलोन रोड पर विजय उर्फ बिज्जू पिता बृज मोहन बाल्मीक हनुमान वार्ड के पास से एक छुरा तथा नगर के चीचली रोड ब्रिज के पास हरिओम पिता मूलचंद साहू निवासी विजय कालोनी भामा वार्ड के पास से तेज धारदार चाकू जप्त किया गया। इसी प्रकार से नगर के पशु चिकित्सालय के पास रवि उर्फ रविशंकर पिता महीलाल बाथरे निवासी ग्राम कुठौतिया के पास से धारदार छुरा मिलने से पुलिस द्वारा आरोपियों के पास से अलग अलग तेज धारदार हथियार जप्त करते हुये आरोपी को गिरप्तार किया गया।

# पुरानी धरोहर को पंचायत द्वारा किया जा रहा नजरअंदाज, अधिकारियों से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका



हरिभूमि न्यूज/ सांईखेडा।

इस समय जल संवर्धन योजना के तहत लगातार मुहिम चलाते हुये पुराने जल स्त्रोतो का रख रखाव करने से लेकर जल रोकने के लिये अनेक प्रकार के कार्य करते हुये देखा जा रहा है। इस तरह चलाई जाने वाली मुहिम को लेकर निश्चित तौर से शासन के साथ साथ बनाये गये निजी स्तर के एनजीओं द्वारा शासन की लाखों राशि खर्च करने में पीछे नही रहेगे। मगर इस अभियान की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बोरी बंधन से लेकर जिस तरह तालाबों की खुदाई की औपचारिता निभाई जा रही है वह मात्र अखबारों की सुर्खियों से लेकर फोटो तक ही सीमित होते हुये जान पड़ने से नही चूक रही है..? आये दिन सोशन मीड़िया से लेकर अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली फोटोओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां बोरी बंधान का कार्य उन स्थानों पर होते हुये देखा जा रहा है जहां पर बड़े बंधान के माध्यम से पानी रूकने की उम्मीद नही की जा सकती है वहां पर मात्र चंद बोरियों के भरोसे पानी रोकने की औपचारिकता निभाने में पीछे दिखाई नही दे रहे है तो जल रोकने के लिये श्रमदान करते हुये इस तरह के लोग फोटोओं में नजर आ रहे है तो पूर्णरूप से सूटबूट व काला चस्मा लगाने के साथ अपने कपड़ो में सफेद मारते हुये श्रमदान के नाम पर अपने हाथ में तसला लेकर फोटो निकलवाने में पीछे दिखाई नही तो रहे है..। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या इस स्थिति में जल रोकने में सफलता मिल पायेगी..? इतना ही नही शासन प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से पुराने जल स्त्रोतों को नजर अंदाज किया जा रहा है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि अनेक गांवों में इस तरह वर्षो पुराने कुंआ बदहाल स्थिति में पड़े हुये देखे जा रहे है यदि उनमें जरा से भी सुधार कार्य हो जावे तो उनकी सूरत बदलने में देर नही लगेगी। मगर इस ओर ध्यान देने के जगह गांवों के नालों के पास जरा से पानी भरते हुये उसमें चार बोरियों रखकर बोरी बंधान करने का खेल चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? कुओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अक्सर देखा जाता था कि गांवों में स्थिति कुंआ व तालवों को लोगों द्वारा निमान मानते हुए सिर्फ उनका उपयोग ही नही बल्कि भगवान का स्वरूप देते हुए पूजन भी की जाती थी? और आज जिन गांवों में यह धरोहर स्थापित है उसे लोग उपयोग करते हुए आज भी उसे बडे ही श्रद्वा व भाव से पूज रहे है? मगर वही दूसरी ओर कुछ गांवों में इस प्रकार का हाल देखा जा रहा है कि पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा इन पुरानी धरोहरें को नजर अदांज कर दिया गया है जिसके चलते वह बदहाली की स्थिति में पहुंच गई है? इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी मिढवानी में देख्नने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि वर्षो पुरानी शासकीय कुआ का लोगों द्वारा कुछ हद तक आज भी उपयोग किया जाता है, मगर पंचयात की उदासीनत के चलते यह कुआ लगातार बदहाली का शिकार होता जा रह है?

# मगरमुहा पंचायत में आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर, ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारियॉं

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।




म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं मा. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय अखिलेश शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश मा. श्रीमति संतोषी वासनिक के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मगरमुहा में न्यायाधीश मा. पंकज जायसवाल तृतीय जिला न्यायाधीश गाडरवारा की उपस्थिति में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा द्वारा किया गया। आयोजित किये गये इस विधिक साक्षरता शिविर मे मा. पंकज जायसवाल ने शिविर में उपस्थित समस्त ग्रामीणजन को मोटर दुर्घटना एवं बीमा से संबंधी तथा नामांत्रण प्रकरणों की जानकारियों से अवगत कराते हुये शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही बताया कि वे यदि किसी दुपहिया, चार पहिया वाहन चलाते हैं तो गाड़ी का प्रभावशील बीमा करवाते हुए और उस गाडी को चलाने का वैध ड्राईविंग लायसेंस प्राप्त करने के बाद भी सार्वजनिक स्थल पर गाड़ी चलायें। क्योंकि कई बार यह देखने में आता है कि पड़ोसी या रिश्तेदार आवश्यकता बताते हुए दुपहिया या चार पहिया वाहन कुछ देर के लिए मांग कर ले जाते हैं। इस स्थिति में कोई दुर्घटना घटित होती है तो जिस व्यक्ति के द्वारा गाड़ी का संचालन किया जाता है। वह वैध ड्राईविंग लायसेंस का धारक नहीं होता है और उससे यदि दुर्भावनावश या असावधानीपूर्वक दुर्घटना हो जाती है और यदि उक्त दुर्घटना के परिणाम स्वरूप किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है या फिर उसे गंभीर चोटें आती है। इस स्थिति में जो व्यक्ति गाड़ी चला रहा होता है और उस गाड़ी का मालिक चोट ग्रस्त व्यक्ति को या मृत व्यक्ति के वारिसों को लाखों रूपये क्षतिपूर्ति के रूप में भुगतान हेतु दायित्वाधीन होता है। यदि चलायी जा रही गाड़ी का वैघ बीमा है और चालक के पास वैध चालन अनुज्ञप्ति है तो दुर्भाग्य या असावधानी के कारण वाहन दुर्घटना में किसी व्यक्ति की असमय मृत्यु हो जाती है या गंभीर चोटें कारित होती है तो ऐसी स्थिति में वाहन के चालक और वाहन मालिक को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं करना होगा बल्कि वाहन की बीमा कंपनी के द्वारा ही उक्त क्षतिपूर्ति का दायित्व वहन किया जाता है। इस तरह हर व्यक्ति जो वाहन मालिक है वह अपने वाहनों का निर्धारित समय पर बीमा कराने के साथ उसका संचालन लाईसेंसधारी व्यक्ति के द्वारा ही किया जाना चाहिये। इस तरह आयोजित किये गये विधिक साक्षारता शिविर में न्यायाधीशों द्वारा ग्रामीणों को वाहन चालने व उससे होने वाली घटनाओं के दौरान होने वाली कानूनी कार्यवाही से अवगत कराया गया।

# जुंआरी सहित सटोरिया आये पुलिस की गिरप्त में, जुंआ अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जुंआरी व सटोरियों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करने के लिये मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर डांग मुहल्ला में छापा मारते हुये मौके पर जहीर पिता असगर अली डांग मुहल्ला सालीचौका, भोला पिता करोड़ी अहिरवार, ताराचंद पिता कडोरी सालीचौका, राम सिंह पिता बलराम अहिरवार, नन्हे भैया पिता प्रेम मेहरा को ताश पत्तों पर दांव लगाते हुये रंगे हाथों पकड़कर आरोपी के पास से 52 ताश पत्ते सहित नगदी रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से डमरूघाटी के पास चल रहे जुंआ खेल पर छापा मारते हुये पुलिस ने मौके से जितेन्द्र उर्फ जित्तू पिता ब्रदी प्रसाद कुर्मी भगत सिंह वार्ड, नीतेश उर्फ लल्लू पिता राजू श्रीवास निरंजन वार्ड, हरीश पिता अमोल सिंह कुशवाहा विठ्ठल भवन के पास, शाहरूख पिता खालिद कुरैशी विवेकानंद वार्ड अरविंद पिता ओमकार कुशवाहा निरंजन वार्ड हल्कोरी पिता मूलचंद धानक डमघाटी के पास आशु पिता कैलाश कुर्मी श्याम टाकीज के पास को जुंआ खेलते हुये रंगे हाथों पकडकर आरोपियों के पास से ताश पत्ता सहित नगदी 9300 रूपया जप्त करते हुये धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकार से सटोरियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस पुलिस को मुखबिर द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जब नगर के लक्ष्मी टाइनशिप गेट के पास छापा मारा गया तो वहां पर एक युवक सट्टा पट्टी खिलते हुये पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम कन्हैया लाल पिता राजू यादव निवासी प्लेट फार्म क्रमांक 2 राजेन्द्र बाबू वार्ड बताया गया। इस तरह पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 250 रूपया किये। इसी प्रकार से नगर के हनुमान वार्ड में भी अजय पिता बालाराम रजक को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर इसके पास से 450 रूपया व आकाश पिता हरि ठाकुर के पास से भी सट्टा पट्टी सहित नगदी 500 रूपया तथा नगर के रेल्वे स्टेशन वाहन स्टेन्ड के पास राजा पिता अशोक नौरिया निवासी गांधी वार्ड के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 410 रूपया व पतलोन तिरहा के पास से गणेश पिता स्व श्रीराम पटैल निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड के पास से सट्टा पट्टी तथा नगदी 350 रूपया तथा सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा ग्राम बोहानी में कमलेश पिता गुन्नु ठाकुर निवासी ग्राम हर्रई के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 400 रूपया जप्त करते हुये धारा 4 क जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये कार्यवाही की गई।

शिवाजी इंटरनेशनल स्कूल
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM | Class - Play group to 10th
व्यवस्थित प्लेग्राउंड एवं एक्टिविटी क्लासेस, सुरक्षित वाहन सुविधा
Do Visit Once Before Getting Your Child Admitted
सांस्कृतिक परिवेश में सुदृढ़ व आधुनिक अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा
100% COMPLETE SCHOOL
* Abacus Classes
for all students
WITH CBSE PATTERN
100% Digital Smart Classes
With Smart Teachers
निरंजन वार्ड, आचार्य महल के पास, गाडरवारा जि.नरसिंहपुर मो. 9977414248

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
नर्सरी से कक्षा सातवी तक
DPIS
प्रवेश निःशुल्क
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.-9039230199, 7224021199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य सेवा की दिशा में हिंदुस्तान पावर सीएसआर का बड़ा कदम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** एमबी पावर सीएसआर हर वर्ष की भांति स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने परियोजना प्रभावित गांव में स्वास्थ्य सम्बन्धी कई गतिविधिया करती आ रही है। स्वास्थ्य सम्बन्धी गतिविधि से ग्रामीणो को डॉक्टर से मुफ़्त जांच, दवाई एवं अन्य फ़ायदे मिल रहे हैं। ओपीडी सेवओं में सीएसआर के डॉक्टर प्रतिदिन अपने टीम के साथ ओपीडी वैन में पहले से ही तय किये गये गांव में शिविर का आयोजन करते हैं। बता दें, कि पिछले एक वर्ष में सी एस आर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आसपास के 27 गाँव में 272 शिविरों का आयोजन किया गया है, जिन शिविरों में कुल 15000 से अधिक ग्रामीण लाभन्वित हुए हैं। एमबी पावर सीएसआर द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल एक्शन, रायपुर के सहयोग से कर रहा है, जिनमें स्थानीय क्षेत्रों में डेंटल, हाईपरटेंशन एवं डायबिटीज, आर्थोपेडिक्स, त्वचा रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, गैर-संचारी रोग (एनसीडी) आदि विषयों पर बहुविशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किए जा रहे है। माह फरवरी 2025 से अब तक 59 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें 28 गांवों को कवर करते हुए लगभग 3500 मरीजों को लाभ मिला है। इन शिविरों में निःशुल्क प्राथमिक जांच, निःशुल्क परामर्श, निःशुल्क दवाइयों का वितरण तथा ज़रूरतमंद मरीजों को जिला अस्पताल हेतु रेफरल की सुविधा भी दी जा रही है। सीएसआर टीम अधिक से अधिक गांवों तक पहुंच बनाने का प्रयास कर रही है, क्योंकि कुल 170 शिविरों का आयोजन निकटवर्ती गांवों में प्रस्तावित है। स्थानीय लोगों की नेत्र संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विशेष रूप से 30 गांवों में नेत्र शिविरों का भी आयोजन किया गया है। जिनमें अब तक 18 नेत्र शिविरों का आयोजन स्थानीय ग्रामों किया है, शिविरों में शामिल हुए मरीजों को विभाग द्वारा निःशुल्क परामर्श, निःशुल्क दवाइयों तथा चश्मा वितरण भी कराया जा रहा है। इस आयोजन के लिए सभी स्थानीय लाभार्थियों कंपनी का आभार व्यक्त किया, और आग्रह किया कि इस तरह के शिविरों का आयोजन भविष्य में भी जारी रखा जावे जिससे स्थानीय जनों को स्वास्थ्य का लाभ मिलता रहे।

### विश्व हिंदू परिषद शहडोल विभाग की बैठक अनूपपुर में संपन्न

**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज ।** जिला मुख्यालय में 27 अप्रैल को को विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत शहडोल विभाग की विभाग बैठक अनूपपुर जिले में संपन्न हुई। विभाग बैठक में मंच में केंद्रीय अधिकारी वि.हि.प. अरुण रामकृष्ण नेटके केंद्रीय सहमंत्री (मठ मंदिर एवं अर्चक पुरोहित विशेष संपर्क प्रमुख) केंद्र भोपाल, जितेंद्र वर्मा , प्रांत संगठन मंत्री विहिप केंद्र जबलपुर एवं बालमीक जायसवाल ,विभाग मंत्री शहडोल केंद्र शहडोल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विभाग बैठक में उमरिया शहडोल एवं अनूपपुर के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सोनी, सुरेश द्विवेदी एवं प्रांत-विभाग एवं जिले टोली से लेकर प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री नेटके जी ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद पूरे भारत वर्ष में एक विशेष संकल्प लिया है कि हमारे जितने भी मठ मंदिर सरकार के अधीन है उन सभी मठ मन्दिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त करना। यह अभियान हैदराबाद में आयोजित केंद्रीय बैठक में तिरुपति बालाजी मंदिर से शुरू किया गया है। श्री नेटके ने कहा वि.हि.प. के सभी जिला प्रखंड समितियों को स्वयं का सेवा कार्य शुरू करना चाहिए, जैसे शिक्षा संस्कार केंद्र, संस्कृत भाषा युक्त शिक्षा कार्य,धर्म के प्रचार प्रसार हेतु स्कूलों में रामायण प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन करना जिला प्रखंड के हर समितियों में सत्संग कार्य शुरू करना और सामाजिक जागरूकता हेतु धर्म यात्रा का आयोजन करना चाहिए । नेतके जी ने कहा हिंदू समाज का धर्मान्तरण बड़े स्तर में यह कार्य चल रहा है उसको हम सेवा कार्य एवं धर्म जागरण के माध्यम से ही रोक सकते है। प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र द्वारा अगले जिला बैठक के पहले हर जिले के जिला प्रखंड एवं खंड टोली पूर्ण करने हेतु कहा गया।

# नवाचारी शिक्षकों को मिला अटल शिक्षा रत्न और गिजु भाई सम्मान, विद्यालयों में आनंद का माहौल




**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

जिले के शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा विद्यालयों को आनंद घर बनाने वाले नवाचारी एवं रचनात्मक शिक्षकों को अटल शिक्षा रत्न सम्मान एवं गिजुभाई शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी के पूजन वंदन तथा गिजुभाई के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। राज्य समन्वयिका उमा उपाध्याय ने समूह के उद्देश्य और गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि यह समूह शिक्षकों का नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाला मंच है। जिला समन्वयिका सुनीता नामदेव ने समूह की कार्यप्रणाली को बताते हुए कहा कि हमारा प्रयास भयमुक्त और आनंदपूर्ण विद्यालय वातावरण तैयार करना है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। समूह के संरक्षक संजय तिवारी ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे आत्म-सम्मान और आत्म-संतुष्टि के लिए कार्य करें तथा बच्चों को उनकी रुचियों के अनुरूप सीखने के अधिक से अधिक अवसर दें। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित प्रश्न बैंक तैयार करने वाले शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राज्य समन्वयिका उमा उपाध्याय द्वारा किया गया। इस आयोजन में जिले भर के लगभग 50 शिक्षकों ने सहभागिता कर सम्मान प्राप्त किया।



## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पहलगाम ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा बैठक आयोजित कर विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला में मारे गए पर्यटकों की याद में अशोक पड़वार जिला कांग्रेस कमेटी डिंडौरी के नेतृत्व में कैंडिल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि देते हुए सरकार की सुरक्षा पर भी सवाल उठाया गया। इसके साथ ही आयोजित बैठक में जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं के नाम सुझाए गए। बैठक में सभी मंडलम अध्यक्षों को वार्ड एवं पंचायत स्तर की कमेटी गठन करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महेंद्र ठाकुर, ब्लॉक प्रभारी तोक सिंह मरावी, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राय सिंह मरकाम, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष केवल कृष्ण नेटी, संगठन मंत्री शाहिद तुर्क, मंडलम अध्यक्ष अमरपुर संदीप शाह परस्ते, आदिवासी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेश पाटले, खालिद खान, मकसूद मंसूरी, महामंत्री ग्रीस सैयाम, सेक्टर अध्यक्ष ओमप्रकाश उद्दे, शान मंसूरी, लियाकत अली, हरे सिंह पट्टा, गोविंद विश्वकर्मा आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण भारी संख्या में मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

कलेक्टर मारव्या की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक सहित समस्त राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नक्शा तरमीम, बंटवारा, रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण सहित विभिन्न राजस्व मामलों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नक्शा तरमीम, बटवारा, नामांतरण और रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण के प्रकरणों का शीघ्रता से निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से हल किया जाए ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। भूमि विवादों के शीघ्र निराकरण, राजस्व वसूली और नियमित फील्ड निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही यह कहा कि कार्य में लापरवाही या अनावश्यक विलंब को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में आगामी महीनों में विशेष अभियान चलाकर राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा राजस्व वसूली के लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों को नागरिकों से जुड़े राजस्व कार्यों में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## डायल 100 जवानों ने घायल भाई-बहन को अस्पताल पहुँचाया



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा -**

गत दिवस थाना शहपुरा क्षेत्र में कटंगी (घुघवा) में तेज हवा चलने से घर पर चढ़ी सीमेंट की चादर गिरने से भाई-बहन घायल हो गए है, सूचना पुलिस कंट्रोल रूम एवं डायल 100 भोपाल में दिनाँक 28-04-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल शहपुरा थाना क्षेत्र में तैनात डायल100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल100 स्टाफ आरक्षक मांगे लाल एवं पायलेट अरविंद मार्को ने मौके पर पहुँचकर बताया कि तेज हवा के कारण घर पर चढ़ी सीमेंट की चादर गिरने से 15 वर्षीय भाई एवं 18 वर्षीय बहन घायल हो गयी थी । डायल100 जवानों ने घायल भाई-बहन को एफ आर व्ही वाहन से ले जाकर शहपुरा अस्पताल भर्ती करवाया , जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## जल गंगा संवर्धन चौपाल कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

गोपालपुर के ग्राम लालपुर सानी ग्वारी नाला में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक चैपाल एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ बैठक कर जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा की गई। नवांकुर संस्था, परिवर्तन समग्र ग्रामीण विकास संस्थान समिति और लालपुर सानी के सदस्य भुवन सिंह मरावी (अध्यक्ष), सम्मेलाल लाल मरावी (सामाजिक कार्यकर्ता) द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि कैसे जल स्त्रोतों को संरक्षित करके गांव को समृद्ध बनाया जा सकता है, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जैसे हम अपने बच्चों की देखभाल करते हैं, वैसे ही हमें अपने गांव के जल स्त्रोतों और पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों और नवांकुर संस्था के सदस्यों ने ग्वारी नाला की सफाई की, और कुल 28 बोरियों का बोरी बंधान कार्य किया। यह श्रमदान लगभग चार घंटे तक चला। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के अध्यक्ष सम्मेलाल लाल मरावी, सदस्य भुवन सिंह मरावी, पतिराम मरावी, महेन्द्र सिंह आर्मो और छात्र संतोष सिंह मरावी समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

## व्यायाम शिक्षक पी.एस. राजपूत निलंबित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

वनाधिकार अधिनियम 2006 नियम 2008 के अंतर्गत वनग्राम सिमरधा विकासखंड समनापुर में 26 अप्रैल 2025 को एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य वनाधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित टास्क फोर्स की उपस्थिति में प्रगति की समीक्षा करना था। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री, जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव, तथा अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित हुए। इस आयोजन के सफल संचालन हेतु जनजातीय कार्य विभाग की ओर से प्रतिनिधित्व कर रहे पी.एस. राजपूत, व्यायाम शिक्षक (मूलतः माध्यमिक शिक्षक वर्ग-2 सेवा श्रेणी-संवर्ग तृतीय अराजपत्रित) द्वारा कार्यक्रम में लापरवाही बरती गई। आदेश में उल्लेख किया गया है कि राजपूत का यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत है तथा शासकीय कर्तव्यों में घोर स्वेच्छाचारिता का परिचायक है। कलेक्टर मारव्या द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पी.एस. राजपूत को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम-1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शहपुरा रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह sभत्ता देय होगा।

## अतिथि शिक्षकों की जानकारी यू-डाईस प्लस पोर्टल में अपडेट कराने कलेक्टर को लिखा पत्र

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने कलेक्टर एवं मिशन संचालक, सर्व शिक्षा अभियान डिंडौरी को पत्र लिखकर जिले में कार्यरत सभी अतिथि शिक्षकों की जानकारी यू-डाईस प्लस पोर्टल पर शीघ्र अपलोड करवाने की मांग की है। संगठन ने अपने पत्र के साथ राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा जारी निर्देशों की प्रति भी संलग्न की है। इसमें उल्लेख किया गया है कि जिले के सभी बीआरसी जनपद शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से अतिथि शिक्षकों का विवरण एक सप्ताह के भीतर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। शिक्षक संगठन ने कहा है कि इस प्रक्रिया के पूर्ण होने से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और भविष्य की योजनाओं के क्रियान्वयन में सुविधा होगी।

## वनाधिकार पट्टा वितरण कार्यक्रम में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

वनाधिकार अधिनियम के तहत 26 अप्रैल 2025 को वनग्राम सिमरधा, जनपद पंचायत समनापुर में आयोजित पट्टा वितरण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर मुख्य कार्यालय अधिकारी सी.पी. साकेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि कार्यक्रम के दौरान वनाधिकार पट्टों के वितरण हेतु आवश्यक जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई तथा वितरण की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कार्यक्रम का संचालन प्रभावित हुआ। इसके अलावा, अधिकारी द्वारा अपने शासकीय दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता एवं लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है, जो म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन है। कलेक्टर ने कारण बताने के निर्देश दिए हैं कि क्यों न म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। साकेत को तीन दिवस के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है, अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की तैयारी बैठक संपन्न

### प्रांताध्यक्ष ने किया अवलोकन




**अमरकंटक हरिभूमि न्यूज ।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा अमरकंटक में प्रांतीय अभ्यास वर्ग 10,11 एवं 12 मई की तैयारी को लेकर 27 अप्रैल को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं महामंत्री राकेश गुप्ता की उपस्थिति में बैठक का आयोजन अमरकंटक में किया गया, जिसमें शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर जिले के पदाधिकारियों की उपस्थिति में परिवहन, आवास, भोजन, मंच, पंजीयन सभा कक्ष आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। इसके पूर्व सभी पदाधिकारियों द्वारा आवास, भोजन एवं वर्ग स्थल का अवलोकन किया। वर्ग स्थल कल्याण आश्रम को चयनित किया गया। तीनों जिलों के पदाधिकारियों द्वारा पूर्व में भी तीन बार बैठकों का आयोजन कर पूरे मनोयोग से तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक में अभ्यास वर्ग के संयोजक महेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं सहसंयोजक अनिल कुमार सिंह के अलावा जबलपुर जिला अध्यक्ष आशीष तिवारी जबलपुर जिला के संगठन मंत्री डॉ. अजय तिवारी, शहडोल जिला अध्यक्ष लाल तिवारी, अनूपपुर जिला अध्यक्ष संजय कुमार निगम, उमरिया जिला अध्यक्ष कैलाश प्रसाद गौतम, विनोद कुमार सिंह जिला सचिव शहडोल, संभागीय संगठन मंत्री डॉ नरेन्द्र पटेल, संभागीय कोषाध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष अनूपपुर पुष्पेन्द्र पाण्डेय, पूर्व सचिव अनूपपुर राम कुमार राठौर, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष हरिहर प्रताप सिंहजिला सचिव शिलवन्त तिवारी, अनूपपुर, पूर्व अध्यक्ष पुष्पेंद्र पांडे, पूर्व जिला सचिव रामकुमार राठौर, जिला कोषाध्यक्ष मीला मार्को, नगर अध्यक्ष अनूपपुर अमिता मरकाम, ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह पुरी, सचिव राकेश प्रताप सिंह बघेल, जिला सह सचिव अर्जुन विश्वकर्मा, कार्यकारिणी सदस्य कार्यकारणी सदस्य दिलीप द्विवेदी, नगर सचिव हेतराम साहू, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शाक्यवार, शंकर सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण मौर्य, सदस्य निशांत सिंह, तहसील अध्यक्ष जीनाचंद संत, ब्लॉक अध्यक्ष राय सिंह, सचिव पारसनाथ यादव, श्रीमती कौशल्या धुर्वे, अहिवरण सिंह, राजेश नापित, राजेश तिवारी, देवेंद्र यादव, धनपत सिंह धुर्वे, भूपेंद्र मिश्रा, पूर्व कोषाध्यक्ष जिला शहडोल हरिहर प्रताप सिंह, सोहागपुर विकास खंड से बृज कुमार जायसवाल, राकेश द्विवेदी, अनिल द्विवेदी राम दरस पांडे उमरिया से त्रिभुवन प्रसाद सोनी, राम कुशल पांडे सहित भारी संख्या में संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संभागीय अध्यक्ष सहसंयोजक अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। बैठक में प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ ने आवश्यक व्यवस्थाओं की आद्योपांत समीक्षा की ओर आवश्यक निर्देश दिए।

## भाजपा मंडल मानिकपुर की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा -**

भारतीय जनता पार्टी जिला डिंडौरी के जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम की सहमति से मानिकपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष हीरेंद्र सिंह मरावी द्वारा मंडल कार्यसमिति की घोषणा की गई है।

इस घोषणा के अनुसार, निम्नलिखित पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है:पदाधिकारी:उपाध्यक्ष हरीश जीतू राय, संतोषी विश्वकर्मा, उमाशंकर साहू, रामकुमार परस्ते, फूलचंद झारिया,महामंत्री दिलीप झारिया, राजेंद्र तिवारी,मंत्रीः **संतोष परस्ते, हरप्रिया वरकडे, रमेश परस्ते, टूमन मरावी, सम्मारु सिंह वरकडे, पुष्पा पुलस्ते, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद असाटी,मीडिया प्रभारीः** संदीप गौलिया **,कार्यालय मंत्री विश्वनाथ झारिया,सह कोषाध्यक्षः विद्या झारिया,सह मीडिया प्रभारीः विशाखा राय** - सहायक कार्यालय मंत्रीः टोकेश्वर कुशवाह,सोशल मीडिया प्रभारीः धर्मेंद्र झारिया,सह सोशल मीडिया प्रभारीः **संजय झारिया**

इन सभी पदाधिकारियों को भाजपा मंडल मानिकपुर शहपुरा और जिले के समस्त भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई हैं।

## ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर किया नुकसान

# आठ दिन बाद राजेन्दग्राम से जैतहरी के बैहार लौटे तीन हाथी

**अनूपपुर हरिभूमि न्यूज।** तीन हाथियों का समूह आठ दिनों तक राजेंद्रग्राम इलाके में विचरण करते दिन में जंगलों में ठहरने बाद रात होते ही ग्रामीणों की घर, खेत, बांडियों में खाने की सामग्री की तलाश करते हुए तोड़फोड़ कर नुकसान करते आठवें दिन सोमवार की सुबह जैतहरी इलाके के बैहार बीट के जंगल में वापस पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। एक माह से अधिक समय से तीन हाथियों का समूह अनूपपुर जिले के जैतहरी, अनूपपुर इलाके में विचरण करने बाद विगत आठ दिनों तक राजेंद्रग्राम इलाके में विचरण करते हुए दिन के समय जंगलों में ठहरकर रात होते ही ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों की घर, खेत, बांडियों में तोड़फोड़ कर घर में रखें तथा खेतों में लगे विभिन्न प्रकार के अनाजों को अपना आहार बनाया है तीनों हाथी विगत दो दिनों से वन परिक्षेत्र, थाना राजेंद्रग्राम के ग्राम पंचायत बोंदा एवं जीलंग के मध्य छींदपानी बीट के जंगल में दिन में विश्राम करने बाद शनिवार की रात छींदपानी के ददरा से सोहन सिंह पिता शंकर सिंह गुलजार सिंह पिता शंकर सिंह के घरों में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे गेहूं तथा धान, बांडी में लगे कटहल को अपना आहार बनाते हुए रविवार की सुबह फिर से छींदपानी के जंगल में ठहरे रहे जो रविवार की रात जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत जीलंग के छपानी गांव में चरका पिता मंगल यादव, सुरेश पिता हरिहर सिंह के मकान को तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे अनाज को खाते हुए छपानी के वरटोला निवासी मनोज पिता कल्लू सिंह के घर में अचानक पहुंचकर तोड़फोड़ करते हुए बांड़ी में लगे केला को खाने बाद राजेंद्रग्राम मुख्यालय के इलाके में पहुंचकर शहडोल-अमरकंटक मुख्य मार्ग को फुंदेलाल सिंह विधायक पुष्पराजगढ़ के पेट्रोल पंप के पास से पार करते हुए जोहिला नदी के किनारे-किनारे बघर्रा, धर्मदास, गिरवी होते-हुये सोमवार की सुबह वन परिक्षेत्र एवं थाना, तहसील जैतहरी के बैहार बीट अंतर्गत गिरवी गांव से लगे भातीकछरा नामक जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तीनों हाथी वापस आते दिख रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भटकती युवा पीढ़ी चिंता का विषय

**तेंदूखेड़ा हरिभूमि न्यूज।** वर्तमान समय में युवा वर्ग अपने पालकों को नजरंदाज कर स्वयं निर्णय लेकर कुछ अप्रिय निर्णय ले रहे हैं जो परिवारों की प्रतिष्ठा और समाज के लिए घातक सिद्ध हो रहें हैं। इन गतिविधियों पर परिजनों पालकों को अपने अपने पाल्यों की हर गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत है। बढ़ते मोबाइल संस्कृति के गलत प्रयोग प्रभाव से युवा वर्ग जहां भटकाव की और बढ़ रहा है वहीं युवा वर्ग इसके माध्यम से कुछ अशोभनीय गलत निर्णय लेकर परिजनों की प्रतिष्ठा पर आंच पहुंचा रहे हैं इस विषय को यदि तत्काल प्रभाव से गंभीरता से नहीं लिये गये तो परिणाम भी गलत ही सामने आयेंगे। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में पिछले एक पखवाड़े से जो घटना क्रम देखने सुनने में जन चर्चा के विषय बने हुए हैं उन पर विचार करने की जरूरत है। और इन सभी गतिविधियों पर विराम लगाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। पाश्चात्य सभ्यता को अंगीकार करते हुए आज की युवा पीढ़ी तरह-तरह के नशों के आदि बनते चले जा रहे हैं। जिससे परिवारों में आये दिन हाट टांक और परिवारों में मन-मुटाव की स्थिति भी बनी हुई है। इन छोटी-छोटी गतिविधियों पर पालक वर्ग को स्वयं आगे आकर अपने पाल्यों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने की जरूरत है। कहां किस गतिविधि में लिप्त है सार्थक दिशा में प्रयास करने की महती आवश्यकता है।

### कलार महिला मंडल द्वारा प्याऊ का शुभारंभ




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को हैहय क्षत्रिय कलार महिला मण्डल द्वारा भीषण गर्मी में आम नागरिकों एवं दूरस्थ गांवों के नागरिकों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सार्वजनकि प्याउ का शुभारंभ किया गया। मंडल के सदस्यों द्वारा वैशाख माह की सतुवाई अमावस्या के अवसर पर नगर के मध्य चहरहाई हनुमान मंदिर में सार्वजनिक प्याउ के शुभारंभ किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान मंदिर के श्रद्धालुजनों, राहगीरों एवं आमजनों को सत्तु का वितरण एवं शीतल जल वितरित किया गया। इस अवसर पर कलार महिला मंडल की नगर अध्यक्ष प्रीति राय, वरिष्ठ सदस्य गोदावरी राय, पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा राय, स्वाति जायसवाल, भागवती राय एव चरहाई महिला मंडल की सिधु नेमा सहित मंडल के सदस्यों की उपस्थित रहीं।

### बाल विवाह रोकने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज।** अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को बाल विवाह रोकने के संबंध में राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। इन्हीं निर्देशों के परिपालन में अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले की समस्त परियोजनाओं में कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं। अक्षय तृतीया 30 अप्रैल के तीन दिवस पूर्व 27 अप्रैल से क्रियाशील हो चुके हैं। जिले की सभी विकासखंड स्तर पर कहीं भी बाल विवाह रोकथाम की सूचना संबंधित टीम को मोबाइल नंबर पर दी जा सकती है। बालविवाह की सूचना मिलने पर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान किया गया है। बालविवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत दो साल की सजा एवं एक लाख रूपये जुर्माने का प्रावधान है। यदि बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम है, तो यह शादी बालविवाह के अंतर्गत आती है। बाल विवाह में शामिल होने वाले घोड़े वाले, टेन्ट वाले, पालक, भाई, पंडित, घराती, बराती जो भी शामिल होगा, उन सभी पर कार्यवाही होगीं।

## लूटी गई चैन व बाइक जब्त

# चैन स्नेचिंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशन गंज अंतर्गत चैन स्नेचिंग के मामले मे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पुलिस ने 2 लाख 50 हजार रूपये कीमत की सोने की चैन एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की गई। उक्त मामले में बताया गया कि किसान अपने बटिहार के साथ मंडी अनाज विक्रय करने के लिए आया हुआ था वापिस जाते समय आरोपियों द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने घटना के 48 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त कर ली। आरोपियों द्वारा बाइक से जा रहे किसान को रोककर घटना को अंजाम दिया गया था।

### मामला इस प्रकार

जिले के किसान विवेक पटैल और उसका बटिहार विनोद पटेल दिन में करीब 2 बजे अपने चना व गेंहू की बिक्री के संबंध में कृषि उपज मंडी आये थे जो तकरीबन साढे नौ बजे तक रहे उसके बाद यह लोग अपने घर के लिए जा रहे थे इसी बीच केन्द्रीय विद्यालय रोड पर रात्रि करीबन 10 बजे जैसे ही पहुंचें तभी तीन लडको ने इसकी गाड़ी रोक ली जिसमें से एक लड़के ने विवेक पटैल के साथ मारपीट कर गले में पहनी हुई करीब 21 ग्राम की सोने की चैन छीना और भागने लगा तो विवेक एवं इसके साथ विनोद पटेल एवं उसके साथी ने अपनी सुपर स्प्लेन्डर मोटर सायकिल को खड़ी करके उनके पीछे भागे लेकिन यह लोग उनको पकड़ नहीं पाये तो यह वापस अपनी मोटरसायकिल के पास आये तो देखा तो मोटर सायकिल वहां पर नही थी और चैन छीनने वाले लड़के के साथ वाले दोनों लड़के वहां पर नहीं थे थाना स्टेशनगंज में प्रार्थी की रिपोर्ट अपराध क्रमांक 369/2025 धारा 303 (1), 304 बीएनएस. का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।



### 3 शातिर आरोपी गिरफ्तार

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की पतासाजी हेतु मुखबिरों को सक्रिय किया गया एवं तकनीकी माध्यमों का उपयोग किया साथ ही प्रार्थी द्वारा बताये गये हुलिया के आरोपियों की तलाश शुरू कर दी दौरान तलाश के मुखबिर से 3 व्यक्तियों की रानी पिपरिया रोड मगरधा के पास संदिग्ध परिस्थिति में कुछ करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा पहुंचकर सूचना अनुसार व्यक्तियों से गहनता से पूछताछ की गयी उन्होंने अपना नाम पंकज पिता कुंजीलाल मेहरा उम्र 20 साल, धर्मेन्द्र उर्फ धरमू पिता भोलाराम चैधरी, राजा पिता रामकुमार नौरिया उम्र 26 साल तीनों निवासी शांति नगर नकटुआ का होना बताया जिसके द्वारा घटना करना स्वीकार किया गया साथ ही उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया गया।

### इनकी रही भूमिका

उक्त घटना की पुष्टि होने पर पुलिस ने उन्हे बापर्दा कर अपनी गिरफ्त में लिया जिनसे लूटे गये माल के संबंध में पूछताछ की जिनके द्वारा बताये स्थान से एक मोटरसाइकिल, 01 सोने की चैन कीमती 2.5 लाख रूपये बरामद कर विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। चैन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में निरीक्षक रत्नाकर हिंगवे, सउनि. सतीश राजपूत, प्रआर, आशीष मिश्रा, वरि आर. संजय पांडे, आर. नंदकिशोर कुशवाहा, आर. अंकित विश्वकर्मा, आर. पुष्पराज, आर. मोहित, आर. चालक प्रशांत एवं म. आर. शिवानी शेन्डे की विशेष भूमिका रही है।

# समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा



**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने टीएल प्रकरणों, स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन, विद्युत वितरण विभाग, जल गंगा संवर्धन अभियान आदि की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, समस्त एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व विभाग, जनपद पंचायत, एमपीईबी और पीएचई के टीएल प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन की समीक्षा की बैठक आयोजित करने और इसमें अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी एसडीएम कार्यपालन यंत्री विद्युत से सतत सम्पर्क में रहें। ट्रांसफार्मर को समय पर बदलने पर ध्यान दें। साथ ही विद्युत पोलों से तार टूटने पर कोई जनहानी नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जावे। सभी एसडीएम अपने- अपने क्षेत्रों में पीने के पानी की समस्या की समीक्षा करें। कलेक्टर ने जिले में नरवाई पराली जलाने पर कितने व्यक्तियों पर एफआईआर और जुर्माने की कार्रवाई की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि कलेक्ट्रेट एवं स्कूलों में गुटखा, तंबाकू व धूम्रपान का सेवन करने पर संबंधित के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिले की सभी शासकीय कार्यालयों में तम्बाकू, गुटखा एवं धूम्रपान निषेध रहेगा, यदि किसी व्यक्ति द्वारा इसका उल्लंघन करते पाये जाने की स्थिति संबंधित विभाग प्रमुख पर जुर्माने की कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की जायेगी। आगामी मानसून की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मानसून की तैयारी कर लें।



# देवारण्य योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना देवारण्य योजना के अंतर्गत एक जिला एक औषधि पादप सहजन अर्थात मुनगा के प्रचार-प्रसार अभिसरण के विभागों की योजना एवं औषधि पौधे की कृषि संग्रहण भंडारण प्राथमिक संस्करण वितरण आदि विषयों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले की समस्त ब्लॉकों में आयोजित की जा रही है। एकीकृत आयुष चिकित्सालय में आयोजित ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों कृषि विज्ञान केन्द्र नरसिंहपुर द्वारा कृषकों को प्लांट प्रोटेक्शन ने सहजन के पौधे में होने वाली बीमारियों एवं उनसे बचाव के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ऐसी बहुत सी फसलें हैं, जो बिना रासायनिक कीटनाशक के उगाई जा सकती हैं। कम पानी में भी यह उग कर अच्छी फसल दे सकती हैं। किसान सहजन औषधि पौधे के विभिन्न भाग जैसे फूल, फल, पत्ते को अलग- अलग संग्रह करके इनसे अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। किसान अपनी मौसमी फसलों के साथ- साथ मल्टी लेयर फार्मिंग के द्वारा सजहन औषधि का उत्पादन कर सकता है। उन्नत पैदावार के लिए पीकेएम 1 व 2 बीजों का उपयोग कर अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान 31 कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरत्ना सिंह चैहान ने योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में गोटेगांव ब्लॉक के तहत जनपद पंचायत सभाकक्ष गोटेगांव में 34 कृषकों, करेली ब्लॉक के तहत आजीविका भवन गाडरवारा में 30 स्वसहायता समूहों, सांईखेड़ा ब्लॉक के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभाकक्ष में 33 कृषकों को, चांवरपाठा ब्लॉक के तहत ग्राम पंचायत काशीखेरी में 30 कृषकों और चीचली ब्लॉक के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 30 कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया।

### संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण कल

**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में मुख्यमंत्री जनकल्याण- संबल योजना की अनुग्रह सहयता के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा यह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में किया जायेगा। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रदेश में किया जायेगा। जिला मुख्यालय के एनआईसी कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा जिले की समस्त जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम में पंजीकृत श्रमिकों तथा हितलाभ प्राप्तकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। यह जानकारी श्रमपदाधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

# ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का बताया महत्व, दिलाई शपथ




**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में मुंगवानी सेक्टर के ग्राम पटनिया व ग्राम चीलाचोन खुर्द में जल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का महत्व बताया। साथ ही ग्रामीणों को शपथ भी दिलाई गई। जल चैपाल कार्यक्रम में मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक द्वारा कहा कि वर्षा जल के संग्रह के लिए हम सभी को संगठनात्मक व सामुदायिक स्तर पर सोकपिट, कन्टूर ट्रेंच, खेत तालाब, बोल्डर चेक, चेक डैम, कुआँ, बाबड़ी, वाटर हार्वेस्टिंग, कैटल कैनाल-पगबाधा नाली आदि जल संरचनाओं का निर्माण करना चाहिये। वर्षाकाल में पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कार्य करने की आवश्यकता है। इन्ही सभी विषयों और चिंतन और कार्यो को लेकर राज्य शासन 30 जून तक निरंतर जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। अभियान के दौरान पुरानी जल संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार सहित नवीन जल संरचनाओं के निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। श्री शर्मा ने बताया कि माह मार्च से जून तक इन चार महिनों में जल संरचनाओं का निर्माण व उनकी मरम्मत, साफ-सफाई एवं पौधारोपण के लिए गड्ढे तैयार करने, माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर एवं अक्टूबर में वर्षाकाल में सघन पौधारोपण करने और माह नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी एवं फरवरी में बहते जल को रोकना है, जिससे भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी हो सके। जल संगोष्ठी के दौरान पटनिया ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर, नवांकुर संस्था डोंगरगांव के अध्यक्ष प्रकाश पटेल, सचिव मनीष रजक, सदस्य प्रेम सिंह पटेल, गोकल पटेल, चैराखेड़ा समिति के सचिव राम सिंह पटेल, चीलाचैन समिति के सदस्य और ग्रामीणजन मौजूद थे।

# सैनिक स्कूल हेतु भारत सरकार की मिली स्वीकृति



**नरसिंहपुर हरिभूमि न्यूज।** भगवान नरसिंह की धरा पर कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के प्रयासों से राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन द्वारा प्रस्तावित सैनिक स्कूल को भारत सरकार द्वारा औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई है रक्षा मंत्रालय ने जिले के गोटेगांव में बन रहे सैनिक स्कूल के लिया स्वीकृति देते हुए शुभकामनाएं दी इस खबर के सामने आते ही सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल है। यह सैनिक स्कूल मात्र एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व के संस्कारों की प्रयोगशाला बनेगा। यहाँ से देश को समर्पित भावी सैनिक और राष्ट्रसेवक तैयार होंगे। गौरतलब है कि यह सैनिक स्कूल न केवल नरसिंहपुर बल्कि सम्पूर्ण नर्मदापुरम संभाग और मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए राष्ट्रसेवा के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। विद्यालय में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ छात्रों को देशभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता के गुणों से भी सुसज्जित किया जाएगा। विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजी.सरदार सिंह पटेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि यह स्वीकृति हमारे लिए गर्व का विषय है। यह विद्यालय मणिनागेन्द्र सिंह पटेल (मोनू भैया) के सपनों को साकार करेगा एवं विद्यार्थियों में देशभक्ति का नया सूर्योदय होगा।

# धार्मिक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है वैशाख का महीना

**तेंदूखेड़ा हरिभूमि न्यूज।** हिन्दु परंपरा में हर महीना आध्यात्मिक प्राकृतिक धार्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। धार्मिक दृष्टि से यह महिना विष्णु भगवान और देवी जी की उपासना के लिए प्रसिद्ध है। वैशाख के महीने में गंगा स्नान तीर्थ स्नान पवित्र नदियों में स्नान के साथ-साथ समुद्र स्नान का भी बहुत बड़ा महत्व है। विवाह आदि मांगलिक कार्यों का शुभारंभ भी इसी महीने में होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस महीने में बैसाखी अमावश्या अक्षय तृतीया मातंगी जयंती परशुराम जन्मोत्सव आद्य शंकराचार्य जयंती सूरदास जयंती रामानुजाचार्य जयंती गंगा सप्तमी बगलामुखी जयंती जानकी नवमी नरसिंह जन्मोत्सव बुद्ध पूर्णिमा वुद्धावतार कूर्म अवतार आदि महापर्व इस महीने में मनाए जाते हैं।पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि इस महीने में किये गये तीर्थस्नान दान पूजा पाठ यज्ञ हवन आदि का अनंत गुना फल हमें प्राप्त होता है। इस महीने में विशेष रूप से पितरों को और देवताओं को प्रसन्न करने हेतु श्राद्ध और यज्ञादि कार्य बहुतायत में होते हैं ।इस महीने में जलदान अन्नदान वस्त्र स्वर्ण रत्नादि के दान का बहुत महत्व है। प्राचीन काल में लोग बैशाख में सार्वजनिक उपयोग के लिए कुआं तालाब बावड़ी आदि का निर्माण कराते थे और जगह जगह राहगीरों को प्याऊ लगवाया करते थे। वैशाख मास जगद्गुरुओं और महापुरुषों की पूजा आराधना से ज्ञान भगवान परशुराम और नृसिंह भगवान की उपासना से तेज बल पराक्रम भगवान बुद्ध से सद्बुद्धि भगवान कूर्म से दृढ़ता और सन्मार्ग पर चलने की शिक्षा के साथ मोक्ष प्रदान कराने वाला होता है। पवित्र वैशाख मास को भगवान ने अपना नाम प्रदान कर इस महीने को माधव मास बना दिया।



### वैशाख का ज्योतिषीय महत्व

आचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि पूर्णिमा के दिन विशाखा नक्षत्र के योग के कारण इस महीने का नाम वैशाख है। वैशाख में नवग्रहों के राजा सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में स्थित रहते हैं।मेष राशि में सूर्य की संक्रांति के बाद सभी मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। मेष की संक्रांति से ही देव मंत्री मण्डल में प्रधानमंत्री पद का निर्णय होता है।

### बगलामुखी जयंती और जानकी जयंती

बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी को महाविद्या बगलामुखी का जयंती पर्व मनाया जाता है।बगलामुखी की आराधना से हमारे बाह्य शत्रुओं के साथ काम क्रोध लोभ मोह मद आदि आंतरिक शत्रुओं पर भी विजय प्राप्त होती है।

वैशाख शुक्ल पक्ष नवमी जानकी जयंती का महापर्व है।इस दिन भगवती आदिशक्ति ने जनकनंदिनी सीता के रूप में अवतार लिया था। भगवती राजराजेश्वरी जानकी समस्त सिद्धियों ऐश्वर्य और अष्ट लक्ष्मियों की एकमात्र अधिष्ठात्री हैं।

### अक्षय फल की दात्री है अक्षय तृतीया

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के अंशावतार भगवान परशुराम का प्राकट्य हुआ था। इस दिन किया गया दान पुण्य अक्षय फल को प्रदान करने वाला होता है। अक्षय तृतीया को घर में तोरन बंदनवार ध्वजा पताका लगाकर मंगल चौक बनाकर मिट्टी के कलशों में जल भरकर पूजन करने की परम्परा है।इस दिन भूमि भवन वाहन सोना चांदी बस्त्र आदि क्रय करने के अच्छे मुहूर्त रहते हैं। अक्षय तृतीया को देव प्रतिष्ठा जलाशय खनन व्यापार जातकर्म नामकरण अन्नप्राशन सीमन्त पुंसवन यात्रा वधु प्रवेश द्विरागमन विवाह आदि मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त रहेंगे।